संख्या-92/1137/84-1-13-05बामा/2013

प्रेषक,

दीपक त्रिवेदी,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
वाराणसी।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनॉक 11 नवम्बर, 2013

विषय- भारत सरकार के द्वारा जनपद वाराणसी में क्षेत्रीय निर्देशमानक प्रयोगशाला स्थापित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान, उ0प्र0, लखनऊ को सम्बोधित निदेशक, भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, उपभोक्ता मामले विभाग, नई दिल्ली के पत्र संख्या-डब्लूएम-8(7)2012, दिनॉक 23-10-2013 की छाया प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया भारत सरकार की अपेक्षानुसार जनपद वाराणसी में क्षेत्रीय निर्देशमानक प्रयोगशाला की स्थापना हेतु जनपद वाराणसी की तहसील पिण्डरा के ग्राम कुरू में चयनित भूमि खसरा संख्या-895 के अन्तर्गत कुल 1.3 हैक्टेअर भूमि जो ग्राम सभा की है, को भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, उपभोक्ता मामले विभाग, नई दिल्ली के पक्ष में नि:शुल्क आबंटित कराते हुए शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोपरि

भवदीय,

(दीपक त्रिवेदी)
प्रमुख सचिव।

संख्या-92/1137(1)/84-1-13-तददिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- मण्डलायुक्त, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
2- नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को उनके पत्र संख्या-399/निविमावि-निर्देशमानक-भा0स0यो0/2013, दिनॉक 29-10-2013 के संदर्भ में।

आज्ञा से,

(दीपक त्रिवेदी)
प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in